**भारत सरकार**

**पोत परिवहन मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **5390** जिसका उत्तर

गुरूवार, **25 जुलाई**, **2019/3** श्रावण, **1941** (शक) को दिया जाना है

**गंगा नदी पर फेरी सेवा**

**5390. श्री हँसमुखभाई सोमभाई पटेलः**

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का फेरी सेवा आरंभ करके गंगा नदी पर स्थित बड़े शहरों के यातायात को सुगम बनाने के लिए कोई परियोजना लागू करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री मनसुख मांडविया)**

**(क) और (ख)**: राष्ट्रीय जलमार्गों पर फेरी सेवाएं संबंधित राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र में आती हैं। तथापि, शहरों में नगरीय परिवहन प्रणालियों की भीड़-भाड़ को कम करने के लिए, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा नदी) पर वाराणसी, पटना, मुंगेर, भागलपुर, कोलकाता और हल्दिया में फेरी सेवाओं के विकास के लिए व्यवहार्यता अध्ययन तैयार करने हेतु जलमार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) के अधीन मेसर्स एमआईटी तथा थोम्पसन डिजाइन ग्रुप, यूएसए को अधिकृत किया है।

*****